भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2404
जिसका उत्तर दिनांक 10.08.2023 को दिया जाना है

परमाणु ज्योति पहल

2404 श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार की परमाणु ज्योति पहल का ब्यौरा क्या है;

(ख) परमाणु ऊर्जा के प्रति युवा छात्रों में जागरुकता फैलाने और रुचि पैदा करने के लिए परमाणु ज्योति किस सीमा तक स्कूलों तक पहुंचती है;

(ग) क्या यह सच है कि उपरोक्त पहल केवल जवाहर नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय आदि जैसे सरकारी स्कूलों तक ही सीमित है; और

(घ) यदि हां, तो मंत्रालय इस पहल को राज्य सरकार के और निजी स्कूलों तक भी पहुंचाने के लिए क्या कदम उठा रहा है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) परमाणु ज्योति परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोगों के बारे में विद्यालयीन छात्रों के बीच जागरूकता प्रचारित करने की एक विद्यालय आउटरीच पहल है।

(ख) परमाणु ज्योति ने 111 विद्यालयों में जागरूकता प्रचारित करने का कार्य किया है।

(ग) जी, नहीं। ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है।

(घ) उपरोक्त (ग) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

* * * * *